पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राज्यपाल सूचना परिसर)
———————

राज्यपाल ने राजभवन से ऑनलाइन जनपद रामपुर में केन्द्र संचालित योजनाओं की समीक्षा की

———————

लखनऊः 12 जुलाई, 2023

प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने आज यहाँ राजभवन से ऑनलाइन जनपद रामपुर में केन्द्र संचालित योजनओं की प्रगति की जानकारी ली। जिलाधिकारी रामपुर श्री रवीन्द्र कुमार मंडेर ने केन्द्र की जनहित से जुड़ी योजनाओं और उन योजनाओं के अनुरूप जनपद में कराए गए दस विशेष कार्यों पर जानकारी देते हुए दस अभिनव कार्यों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। उन्होंने कुपोषण निवारण के लिए संवर्द्धन—सुपोषित रामपुर एक पहल, स्मार्ट आंगनवाड़ी सेण्टर, वात्सल्य एप, स्मार्ट क्लास, मिनी स्टेडियम/खेल का मैदान, मिशन मुस्कान/मिशन समर्थ, जल संरक्षण, मॉडल मान्टेसरी स्कूल, राजकीय बाल गृह तथा वर्मी कम्पोस्ट पर विकास कार्यों का सचित्र विवरण राज्यपाल जी के समक्ष प्रस्तुत किया। राज्यपाल जी ने जिलाधिकारी के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि महिलाओं के लिए केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा लागू सभी लाभकारी योजनाओं के लिए एक सेण्टर बना दें, जहाँ से वे प्रत्येक जानकारी और लाभ प्राप्त करने हेतु अपेक्षित कार्यवाही सम्पादित करा सकें। उन्होंने ग्रामीण स्तर की लाभकारी योजनाओं के संचालन में ग्राम प्रधानों को भी जोड़ने का निर्देश दिया। जनपद में निर्मित कराए गए 276 स्मार्ट आंगनवाड़ी केन्द्रों के प्रस्तुतिकरण का अवलोकन करते हुए राज्यपाल जी ने 100 अन्य आंगनवाड़ी केन्द्रों को सुसज्जित कराने हेतु राजभवन की तरफ से किट प्रदान करने को कहा।

राज्यपाल जी ने जनपद स्तर पर नवजात शिशुओं के स्वास्थ एवं पोषण की मॉनीटरिंग के लिए निर्मित एप में गर्भवती महिलाओं के लिए सरकार द्वारा प्रदत्त राशि के बैंक से निकाले जाने और पोषण हेतु प्रयोग किए जाने की मानीटिरिंग भी जोड़ने का प्रावधान कराने को कहा। इसके साथ ही एप में बच्चे के जन्म के 1 घंटे के भीतर माता द्वारा स्तनपान कराये जाने की जानकारी का सिस्टम भी डेवलेप करने को कहा। उन्होंने सरकारी स्कूलों में स्मार्ट क्लास रूम के निर्माण की सराहना की।

जनपद में खाली सरकारी भूमि पर स्टेडियम निर्माण, मिशन मुस्कान और मिशन समर्थ में दिव्यांग बच्चों के चिकित्सा सहायता और कृत्रिम अंग प्रदान करने के कार्य की राज्यपाल जी ने सराहना करते हुए जानकारी दी कि इस कार्य के लिए लखनऊ के डॉ0 शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय से निःशुल्क सहायता ली जा सकती है। ये विश्वविद्यालय दिव्यांगों को निःशुल्क कृत्रिम और आधुनिकतम विधि के कृत्रिम अंग प्रदान करता है।

इसी क्रम में जिलाधिकारी द्वारा जनपद में जल संरक्षण के प्रभावी कार्य, मांटेसरी स्कूल के पुनरूद्धार तथा वर्मी कम्पोस्ट खाद के निर्माण कार्यों की जानकारी भी दी।

बैठक में जिलाधिकारी ने जनपद में निक्षय मित्रों तथा अधिकारियों द्वारा कुल 7200 पेशेन्ट गोद लेने की जानकारी के साथ चिहि्न्त नए क्षय रोगियों को पोषण सामग्री के बैग तथा आंगनवाड़ी केन्द्रों को सुसज्जित करने हेतु सामग्री वितरण भी किया।

राज्यपाल जी ने बैठक में जनपद के जिला चिकित्सालयों में जेनेरिक दवाओं के विवरण, अस्पतालों में चिकित्सकों की शत्–प्रतिशत् उपस्थिति सुनिश्चित कराये जाने पर जोर दिया। बैठक में स्वयंसेवी संस्थाओं तथा उद्योग बंधुओं को भी प्रमाण–पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला स्तर के अधिकारी तथा जनप्रतिनिधि बैठक में ऑनलाइन जुड़े रहे।

राज्यपाल जी ने जनपद रामपुर से ऑनलाइन बैठकों के क्रम में जनपद के सरकारी महाविद्यालयों की समस्याओं का श्रवण भी किया।

————

डॉ0 सीमा गुप्ता
सूचना अधिकारी, राजभवन
सम्पर्क सूत्र– 8318116361